एक नजर में

## कांग्रेस कमेटी ने शांति कैंडल मार्च निकाला



इंदौर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर महू शहर एवं महू शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शांति कैंडल मार्च निकाला गया. मध्य प्रदेश सरकार के शासनकाल में दवा के माध्यम से जहर देकर 21 बच्चों की जान ले ली गई. उसके पश्चात भी मध्य प्रदेश सरकार को इस घटना का कोई मलाल नहीं रहा. कांग्रेस द्वारा इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश भर में एक शांति कैंडल मार्च बच्चों को श्रद्धांजलि स्वरुप प्रदान किया गया. श्रद्धांजलि स्वरुप कैंडल मार्च ड्रीमलैंड चौराहा नेहरू प्रतिमा से प्रारंभ होकर कोतवाली चौराहा गांधी की प्रतिमा पर समापन किया गया. इस अवसर पर कैंडल मार्च प्रभारी मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव शक्ति सिंह गोयल. महू शहर कार्य वाहक अध्यक्ष पप्पू खान. महू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मालवीय. शहर कांग्रेस महामंत्री राजकुमार बागड़ी, पुनीत शर्मा, गजेंद्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ गोविंद शर्मा, जगदीश राठौर, अजय सिंह धनावत, मुस्ताक खान पूर्व सरपंच, ओम पटेल, हरिराम चौहान, हुकम आंजना सहित कई कांग्रेस जन ने मोमबत्ती जलाकर श्रधांजलि अर्पण की!

## झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



इंदौर. पाकिस्तानी डिग्रीधारी झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा शहर में अवैध रूप से क्लीनिक और अस्पताल संचालित करने एवं गैरकानूनी चिकित्सा गतिविधियों को अंजाम देने के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी माधव दास हसनी को ज्ञापन सौंपा. यह ज्ञापन सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गिरीश जोशी एवं जिला कांग्रेस सेवा दल के कार्यवाहक अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल द्वारा सौंपा गया, जिसमें ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई की मांग की गई. ज्ञापन में बताया गया कि शहर की विभिन्न गरीब बस्तियों और अन्य क्षेत्रों में पाकिस्तान से प्राप्त संदिग्ध डिग्रियों के आधार पर झोलाछाप डॉक्टर अवैध रूप से क्लीनिक चला रहे हैं. इन क्लीनिकों को अस्पताल का रूप देकर गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ रही है. ज्ञापनकर्ताओं ने मांग की कि इन क्षेत्रों में तत्काल छापेमारी की जाए और फर्जी डिग्रियों के आधार पर चिकित्सा कर रहे व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. ज्ञापन में मुख्य रूप से जीतू दीवान, रानू मलोरिया, अशोक नालिया, दानिश खान, आकाश निजामपुर सहित कांग्रेस जन उपस्थित हुए

## सनावदिया में प्रिवेंटिव हैल्थ केयर सेंटर शुरू




इंदौर. सनावदिया स्थित शशि एंक्लेव में प्रिवेंटिव हैल्थ केयर सेंटर शुरू हो गया है. यह समाज सेवी स्व. विजय अग्रवाल की स्मृति में बनाया गया है. यह जानकारी देते हुए समाजसेविका शशिकला अग्रवाल ने बताया कि स्व. विजय अग्रवाल का मानना था कमजोर और गरीब वर्ग के महिला और पुरुष आर्थिक अभावों के चलते अपना इलाज ठीक से करा नहीं पाते है, ऐसे में प्रिवेंटिव हैल्थ केयर सेंटर की बड़ी भूमिका हो सकती है. इसी भाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में यह सेंटर शुरू किया गया है. कार्यक्रम में डॉ. अरुण अग्रवाल, डॉ. विनीता कोठारी, रीना अग्रवाल, पद्मश्री सुशील दोषी, दिनेश रणधर्, आर्यमा सानयाल विशेष रूप से उपस्थित थी. इस सेंटर का अवलोकन कर इसकी सराहना मंत्री तुलसीराम सिलावट भी कर चुके है. कोकजे ने कहा कि हमारी जीवन शैली में बदलाव की वजह से बिमारियाँ अधिक हो रही है, इस पर ध्यान देने की जरूरत है. शास्त्री ने कहा कि जागरूकता के अभाव में लोग अधिक बीमार पड़ रहे है. वास्तुविद पंकज अग्रवाल ने कहा कि इस केयर सेंटर पर सभी तरह की मेडिकल जांचे नाम मात्र के शुल्क में होगी. प्रवीण जोशी ने बताया कि यह हैल्थ केयर सेंटर देवगुराडिया मँदिर के पीछे सनावादिया रोड पर निर्मित है.

## फूड फेस्टिवल में बिहार का पारंपरिक स्वाद

इंदौर, भारत विभिन्न संस्कृतियों और खानपान परंपराओं से भरपूर देश है.




बिहार पहले मगध का हिस्सा था, इस राज्य का इतिहास, भूगोल और सदियों से हुए सांस्कृतिक मेल-जोल को दर्शाता है. इसी स्वाद, परंपरा और संस्कृति को करीब से महसूस करने का अवसर इंदौरवासियों को मिल रहा है. द पार्क इंदौर अपने रेस्तरां एपिसेंटर में लाया है बिहार की मिट्टी से जुड़ी स्वाद यात्रा 'फॉम द हाउस ऑफ मगध', जो 8 से 19 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है. यह फेस्टिवल न सिर्फ खाने का, बल्कि बिहार की पारंपरिक रसोई को करीब से महसूस करने का मौका दे रहा है. द पार्क इंदौर के एग्जेक्युटिव शेफ संतोष यादव ने कहा इस विशेष आयोजन में मगध क्षेत्र के वे व्यंजन शामिल किए गए हैं जो पीढ़ियों से भारतीय रसोई की विरासत का हिस्सा रहे हैं. यहां हर डिश में बिहार की बोली, मिट्टी और मसालों की कहानी मिलेगी. पारंपरिक देसी तड़के और आधुनिक प्रस्तुति के मेल से यह फेस्टिवल स्वाद, सुगंध और सांस्कृतिक अनुभव का संगम बनेगा. फेस्टिवल मंक परोसे जाने वाले व्यंजनों में लिट्टी चोखा, ओल अहुना, दाल पीठा, मटर घुघनी, भोज आलू परवल, चंपारण मटन, अहुना मुर्गी, चंद्रकला, परवल की मिठाई, अनरसा और पन्तुआ जैसे पारंपरिक व्यंजन शामिल हैं, जो हर थाली को बिहारी स्वाद से भर देंगे. फूड एंड बेवरेज डायरेक्टर सुदीप कांजीलाल ने कहा फेस्टिवल के दौरान एपिसेंटर रेस्तरां को बिहार की संस्कृति की झलक दिखाने वाले पारंपरिक सजावट से संवारा गया है। लोक संगीत, मिट्टी के बर्तनों और देसी खुशबुओं से सजा यह आयोजन मेहमानों को मगध की रसोई में होने का वास्तविक अनुभव देगा.

## गायत्री परिवार द्वारा ट्रैक्टर रैली का स्वागत

इंदौर. पाल कांकरिया गांव में आज एक अद्वितीय और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जब गायत्री परिवार द्वारा किसानों की ट्रैक्टर रैली का भव्य स्वागत किया गया. गांव की गलियों में जब किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ आगे बढ़ रहे थे, तब उन पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया. गायत्री परिवार ने एक सुसज्जित मंच लगाकर अपने किसान भाइयों का पुष्पों से स्वागत किया। इस अवसर पर मंच पर मुख्य रूप से सुनेर सिंह (सेक्रेटरी), बापूसिंह, सोहन, अंतर, इन्द्रर जितेंद्र बद्री लाल धर्मेंद्र, जितेन्द्र एवं अन्य गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इन सभी ने किसानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें समाज का आधार स्तंभ बताया. किसान नेता बबलू जाधव ने कहा यह आयोजन हमारे लिए बहुत प्रेरणादायक है. इस प्रकार के समर्थन से किसानों का मनोबल बढ़ता है। हम गायत्री परिवार के आभारी हैं. वहीं किसान संजू हरिराम पटेल ने कहा, गायत्री परिवार ने जिस आत्मीयता से हमारा स्वागत किया है, वह हमें लंबे समय तक स्मरण रहेगा। हम दिल से धन्यवाद करते हैं.



# मेट्रो रेल का एलिवेटेड 17 किमी लंबा ट्रायल रन

### तीन स्टेशन का काम बाकी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज मेट्रो रेल का पूरे 17 किलोमीटर लंबी दूरी का ट्रायल रन किया गया. मेट्रो रेल शुरू के 7 किलोमीटर स्पीड से दौड़ी और फिर आगे रेडिसन चौराहे तक धीमी गति से चली. यह बात अलग है कि मेट्रो के तीन स्टेशन का काम बाकी है, इसलिए जनवरी के पहले कमर्शियल रन शुरू नही किया जा सकता है.**



शहर में मेट्रो की एलिवेटेड 17 किलोमीटर लंबी लाइन पर आज मेट्रो ने सफल ट्रायल रन किया. इसके साथ ही मेट्रो का गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक चलाने का रास्ता भी साफ हो गया है. मेट्रो के कुल 17 स्टेशन है, जिसमें से तीन स्टेशन का काम अभी बाकी है. बताया जा रहा है उक्त तीनों स्टेशन का काम तीन से चार माह में पूरा होगा. इसके बाद मेट्रो कमर्शियल रन की अनुमति होगी. आज दोपहर में मेट्रो रेल गांधीनगर से 7 किलोमीटर स्पीड से और चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे से रेडिसन चौराहे तक धीमी गति से चलाकर ट्रायल रन किया गया. मेट्रो को रेडिसन चौराहे तक पहुंचने में 1 घंटे का समय लगा. इस दौरान सुखलिया, विजय नगर और मालवीय नगर पर जनता सड़कों पर खड़ी होकर मेट्रो को देख रही थी.

### दो साल पहले किया था ट्रायल रन

मेट्रो रेल का दो साल पहले इंदौर में ट्रायल रन किया गया था. अभी दो माह के भीतर, पहले 13 और आज 17 किलोमीटर मालवीय नगर तक सफल ट्रायल रन किया गया. आगे मेट्रो की शहर में बढ़ोतरी कब और कैसे होगी, यह अनिश्चितता बनी हुई है.

# सिटी बस डिपो में गेट गिरने से चौकीदार की मौत

**इंदौर. स्टार चौराहा स्थित सिटी बस डिपो में एक चौकीदार हादसे का शिकार हो गया. कृष्णबाग कालोनी में रहने वाला 59 वर्षीय शंकर पर डिपो में अचानक भारी भरकम गेट गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.**

शंकर मूलत: छतरपुर खजराना थाना क्षेत्र के रहने वाले थे और स्टार चौराहा स्थित सिटी बस डिपो में चौकीदारी का काम करते थे. डिपो में अचानक लॉक टूटने के बाद गेट अपने आप गिर गया और शंकर उसके नीचे दब गए. डिपो के अन्य कर्मचारियों ने उन्हें तुरंत बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को एमवाय अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि हादसे की वजह और डिपो में सुरक्षा मानकों की जांच की जा रही है.

## फार्महाउस पर तेज आवाज में डीजे बजाने वाले संचालक और मैनेजर गिरफ्तार

**इंदौर. शहर में देर रात तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की है. कनाड़िया थाना पुलिस ने टिगरिया मेन रोड स्थित संजीव पैराडाइज फार्म हाउस पर छापा मारकर डीजे संचालक और मैनेजर को गिरफ्तार किया.**

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि फार्महाउस में रात एक बजे के बाद भी तेज ध्वनि में डीजे चलाया जा रहा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजे संचालक 32 वर्षीय कुनाल ठाकुर निवासी बाबूमुराई कॉलोनी एयरपोर्ट रोड और मेनेजर 36 वर्षीय राजेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी पाटनीपुरा को पकड़ा. दोनों के खिलाफ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस ने मौके से चार डीजे साउंड स्पीकर और एक साउंड मिक्सर मशीन जप्त की है. थाना प्रभारी का कहना है कि थाना क्षेत्र में देर रात कार्यक्रमों में कानफोड़ू आवाज में डीजे बजाने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी.



## मराठी फूड फेस्टिवल जत्रा का आगाज आज

**इंदौर.** मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट का लोकप्रिय सालाना आयोजन जत्रा- मेगा ट्रेड फेयर एवं मराठी फूड फेस्टिवल का 25वा संस्करण 10 से 13 अक्टूबर को पोद्दार प्लाझा, गांधी हॉल पर आयोजित किया जाएगा. इस वर्ष जत्रा रजत जयंती वर्ष मना रहा है. जत्रा का आगाज शुक्रवार से होगा. प्रतिदिन लावणी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां होगी.

संस्था के सुधीर दांडेकर एवं राजेश शाह ने बताया कि चार दिवसीय जत्रा की शुरुआत शुक्रवार शाम को संभागयुक्त सुदाम खाड़े, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, मध्य प्रदेश भोजमुक्त विश्वविद्यालय के कुलगुरु मिलिंद दांडेकर, मराठी साहित्य अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले, जॉन तीन के अध्यक्ष गजानन गावड़े पार्षद सुरेश टाकलकर सहित अन्य शुभारंभ करेंगे. जत्रा दोपहर 2 बजे से शुरू होगा जो रात 11 बजे तक चलेगा. जत्रा में 200 से ज्यादा स्टॉल टेड हैंडीक्राफ्ट फूड सहित अन्य स्टॉल रहेंगे. तृप्ति महाजन एवं सुमेधा बावकर ने बताया कि जत्रा में इस वर्ष भी मराठी व्यंजनों के करीब 45 से 50 फूडस्टाल लगाए गए, स्टालों पर आकर्षक साज सजा की गई है. मराठी व्यंजनों से जत्रा महकेगा. संकेता देशकुलकर्णी एवं सुप्रिया पुंडलिक ने बताया कि हैंडीक्राफ्ट झोन में हस्तकरघा, गृह उपयोगी सामग्री आदि के स्टाल रहेंगे. संस्था के हर्षवर्धन लिखिते और उदय धनाश्री ने बताया कि जत्रा में चारो दिन महाराष्ट्र के प्रख्यात लावणी कलाकारों द्वारा धमाकेदार लावणी की प्रस्तुति की जाएगी.

# दीपावली पर्व 20 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा

### इंदौर में विद्वानों का सर्वसम्मत निर्णय




**इंदौर. शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, रामबाग, इंदौर में दीपावली पर्व की तिथि निर्धारण को लेकर विद्वानों की एक विशेष बैठक मध्यप्रदेश ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के तत्वाधान में आयोजित की गई. बैठक में उपस्थित सभी विद्वानों ने ज्योतिषीय गणना तथा धर्मशास्त्रीय निर्देशों के आधार पर विश्लेषण करते हुए 20 अक्टूबर को दीपावली महापर्व मनाना श्रेष्ठ एवं शुभ बताया.**

बैठक का प्रारंभ डॉ. विनायक पाण्डेय तथा मप्र ज्योतिष एवं विद्वत् परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य रामचंद्र शर्मा 'वैदिक' ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि पंचांग एवं नक्षत्र गणना के आधार पर 20 अक्टूबर को दीपावली मनाने का पक्ष प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा कि शास्त्र में दोनों दिन लक्ष्मी पूजन करने के पक्ष अभिमत मिलते हैं, किन्तु 20 अक्टूबर को अमावस्या सायंकाल और प्रदोषकाल को प्राप्त हो रही है. अत: इस दिन दीपावली मानना पूर्णत: शास्त्र सम्मत है.

पूर्व राज्यमंत्री योगेंद्र महंत ने एक तिथि- एक पर्व- एक उत्सव की भावना को पुन: दोहराते हुए सभी को 20 अक्टूबर को एकमत से दीपावली मनाने का आग्रह किया. इस अवसर पर डॉ. संतोष भार्गव, डॉ. संतोष दाधीच, विजय अड़ीचवाल, डॉ सुरेश आर शर्मा, प्रद्युम्न दीक्षित, शिव मेहता, गिरीश व्यास, नारायण वैष्णव, राकेश राठौर सहित अनेक विद्वानों ने भी अपने मत प्रस्तुत किए और सर्वसम्मति से 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाने का निर्णय लिया.

**कई विद्वानो नेऑनलाइन सहभागिता की** -खजराना के मुख्य पुजारी अशोक भट्ट, रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी दीपेश व्यास, पंचकुइया के महंत रामगोपालदास महाराज, विद्याधाम से राहुलकृष्ण शास्त्री, राजेश जड़िया, भागवत भूषण राजेश शास्त्री, बिजासन मंदिर के अशोकवन गोस्वामी, बड़ा गणपति मंदिर से धनेश्वर दाधीच ने भी 20 अक्टूबर पर ऑनलाइन सहमति प्रदान की. स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विमला गोयल ने किया. संचालन आचार्य गोपालदास वैरागी ने किया. आभार प्रदर्शन डॉ. अभिषेक पाण्डेय ने किया.

# तकनीकी दक्षता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी पर ध्यान दें

### वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में रचनान्द 2025 का आयोजन




**इंदौर. श्री वैष्णव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्याल्य, के सिविल इंजीनियरिंग विभाग दवारा रचनान्द 2025 का आठवाँ संस्करण आयोजित किया गया. इस वर्ष का आयोजन कल्पना करें, डिजाइन करें और सपन देखें विषय पर आधारित था, जिसका उद्देश्य सिविल इजानियारिंग के क्षत्र में रचनात्मकता, नवाचार ओर सतत विकास का प्रात्स्ताहित करना था.**

मुख्य अतिथि इंजीनियर शोभा खन्ना, पूर्व महाप्रबंधक, एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा विशिष्ट अतिथि इंजीनियर अनुंभा चौहान, निदेशक, अनुंभा चौहान एसोसिएट्स थी. इंजीनियर शाोभा खन्ना ने इदौर मेट्रो परियोजना मे अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में +सिविल इंजीनियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल तकनीकी दक्षता पर ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी पर भी ध्यान दें. उन्होंने विद्यार्थियों को देश के सतत विकास लक्ष्यों में साथक योगदान देने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर मध्यप्रदेश के विभिन्न संस्थानों से 160 से आधिक विदयाथियों ने भाग लिया और अपने प्रतिभा नवाचार एवं सृजनशीलता का प्रदशन किया. कार्यक्रम का संचालक प्रो. शिल्पा जैन दवारा किया गया. प्रो. रूपाली गौड़ दवारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया, जिसमें उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियो, प्राध्यापकों, विद्याथियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया. कुलगुरु डॉ. योगेश सी. गोस्वामी ने कहा कि योजना और डिजाइन ऐसे होने चाहिए जो भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सतत विकास् के सिद्धांतों पर आधारित हों. उन्होंने यह भी कहा कि सच्चा इंजीनियरिंग वही है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सोचते हुए भविष्य का निमाण करे.

### सैद्धांतिक ज्ञान को अनुभव के साथ जोड़ें

प्रो. विजयंत पांडे संयोजक रचनान्द 2025, ने बताया कि यह आयोजन स्नातक एवं स्नातकोत्तर विदयाथियों के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहाँ वे विभिन्न क्षेत्रों में समस्या समाधान, नवाचार और कौशल विकास के अवसर प्राप्त कर सकते हैं. डॉ. नमित गुप्ता डीन इंजीनियरिंग एवं आकिटेक्चर एवं निदेशक, एसवीआईटीएस, ने राष्ट्र निमाण में सिविल इंजीनियरिंग की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने विदयाथ्रियों से आह्वान किया कि वे सैदधांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव के साथ जोड़ें और स्मार्ट सिटी, हरित भवन, एवं आधुनिक निर्माण तकनीकों की दिशा में सीखते रहे।.

# उमंग में दिखेगा महिला उद्यमियों का हुनर

### उमंग दीपावली शॉपिंग फेस्टिवल कल से

**इंदौर.** अखिल भारतीय श्वेतांबर जैन महिला संघ केन्द्रीय इकाई द्वारा उमंग दीपावली शॉपिंग फेस्टिवल का आायोजन 11 और 12 अक्टूबर को अभय प्रशाल में किया जाएगा। इस फेस्टिवल में देश भर की महिला उद्यमी और हुनरमंद महिलाएं अपने विशेष उत्पादों के साथ भाग लेंगी. महिला संघ की संस्थापक अध्यक्ष रेखा जैन, अध्यक्ष विजया जैन ने बताया कि इस फेस्टिवल में दीपावली के त्योहार से संबधित हर चीज एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी. उमंग फेस्टिवल 11 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे से शुरु हो जाएगा. सचिव वंदना जैन और पूजा जैन ने बताया कि उमंग फेस्टिवल महिलाओं को सशक्त बनाने का एक प्रयास भी है. कई महिलाओं ने इसी फेस्टिवल से शुरुआत की और अब वे बड़ा कारोबार कर रही हैं. यहां पर हैंड एंब्रायडरी वाली साडियां, सूट्स, इंडो वेस्टर्न डिजाइनर परिधान, बेडकवर, कुशन कवर्स, हैंडमेड ज्वेलरी, से लेकर मोजडियां, बैग, बेंगल्स, गिफ्ट आयटम्स, घर सजाने की कई वस्तुएं जिनमें लैंपशेड्स से लेकर डिजाइनर दिए, झूमर, मूर्तियां, गमले सहित कई आकर्षक आयटम होंगे. कुछ महिलाएं हाथ से बनाए पापड़, अचार, चटनियां आदि के स्टॉल भी लगाएंगी. यहां त्योहार की शॉपिंग के साथ ही फूड जोन में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद भी लिया जा सकेगा.



## एड्स रोगियों से नफरत नहीं सहानुभूति रखें

### एड्स जागरूकता हेतु व्याख्यान सम्पन्न

इंदौर. एड्स रोगियों से नफरत नहीं सहानुभूति रखें. एड्स छूने से या हाथ मिलाने से नहीं फैलता. साथ में खाना खाने से भी एड्स नहीं होता. ये समझाइश हर एड्स रोगियों से ईर्ष्या करने वालों को देना होगी. एचआईवी वायरस घातक जरूर है लेकिन छुआछूत का संवाहक नहीं.

उक्त विचार संस्कार कॉलेज में प्राचार्य डॉ.शैलेन्द्र शर्मा ने व्यक्त किये. वे महाविद्यालय के सभागार में विद्यार्थियों को एड्स जागरूकता विषय पर आयोजित व्याख्यान में सम्बोधित कर रहे थे. महाविद्यालय के उप प्राचार्य व प्रख्यात वक्ता प्रो.(डॉ) श्याम सुन्दर पलोड ने कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता ही एड्स से मुक्ति का आधार है. एड्स के रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता नष्ट हो जाती है इसलिए वो मायूस हो जाते हैं उन्हें हौसला व हिम्मत दिलाकर उससे बचाव किया जा सकता ह. एड्स पर संकोच नहीं खुलकर चर्चा जरूरी है. कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय की काउंसलर हर्षा देशपांडे और कॉलेज के विभागाध्यक्ष व प्रशासक प्रो.शरद सिकरवार ने भी सम्बोधित किया. स्वागत प्रो.मनोहर सुथार व प्रो.अभिषेक परमार ने किया. संचालन प्रो.आयुषी जोशी ने किया. आभार प्रो.राकेश शुक्ला ने माना.

एक नजर में | तिलकेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ धाम न्यास सहित विभिन्न संगठनों की सहभागिता में भक्ति, अनुशासन और अहिंसा का संदेश देंगे

# जैन समाज के सैकड़ों बच्चे संतों की निश्रा में पदयात्रा निकालेंगे

**इंदौर.** शहर में जैन समाज के इतिहास में पहली बार तिलक नगर स्थित श्वेताम्बर जैन मंदिर से पीपली बाजार स्थित आदेश्वर जैन मंदिर तक बाल पद यात्रा का दिव्य आयोजन 12 अक्टूबर को सुबह 5 बजे से प्रारंभ होगा. चातुर्मास के लिए तिलकेश्वर तीर्थ पर विराजित आचार्य नयचंद्र सागर एवं पीपली बाजार जैन मंदिर में सूरी मंत्र साधना कर रहे जैनाचार्य विश्वरत्न सागर की निश्रा में तिलक नगर से करीब 600 व्यक्ति और सैकड़ों बालक इस पदयात्रा में शामिल होकर मार्ग में पांच जिनालयों के दर्शन-वंदन भी करेंगे.



यात्रा तिलक नगर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर मेनरोड, पत्रकार चौराहा, पलासिया चौराहा, रीगल तिराहा, शास्त्री ब्रिज, जिला न्यायालय, एमजी रोड, कोठारी मार्केट, मृगनयनी चौराहा, कृष्णपुरा ब्रिज से राजबाड़ा महालक्ष्मी मंदिर, गुरुद्वारा चौराहा, जवाहर मार्ग से पीपली बाजार पहुंचेगी. पीपली बाजार में जैन मंदिर में दर्शन के पश्चात यह यात्रा खजूरी बाजार होते हुए महावीर भवन इमली बाजार पहुंचेगी, जहां सुबह 9 बजे यात्रा के समापन अवसर पर यात्रा के बाल संघपतियों का सम्मान होगा. यात्रा संयोजक सोनम कोठारी, साधना जैन, विकास जैन एवं शिल्पा जैन ने बताया कि शहर में 9 से 15 वर्ष आयु समूह के बच्चों की इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भक्ति, अनुशासन और अहिंसा का संदेश देने तथा उनमें आनंद और उत्साह का संचार बढ़ाने का है.

### ड्रेस कोड में रहेंगे

सभी बच्चे एथेनिक एवं ट्रेडिशनल ड्रेस कोड में रहेंगे. यात्रा के साथ मुंबई का एक बैंड दल, जैन डीजे, कार्टून कैरेक्टर्स और अन्य प्रेरणादायी गतिविधियां भी देखने को मिलेगी. बच्चों के साथ तिलक नगर जैन मंदिर में चातुर्मास के लिए विराजित प.पू. मुनि ऋषभचंद्र सागर म.सा., गणिवर्य अजीतचंद्र सागर म.सा., साध्वी हेम प्रज्ञा श्रीजी म.सा., साध्वी अर्चना श्रीजी म.सा. एवं अन्य साधु साध्वी भगवंत भी चलेंगे। यात्रा में बाल संरक्षण गृह कालानी नगर में रहने वाले 45 बच्चे भी शामिल रहेंगे.